
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
27 अगस्त 2025
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
शिक्षा वह दीपक है, जो अज्ञानता के अंधकार को
दूर कर जीवन को प्रकाशमय बनाती है।
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **27.08.2026**

## व्यक्तिगत विभिन्नता

व्यक्तिगत विभिन्नता से तात्पर्य व्यक्तियों में उनकी बुद्धि, रुचि, योग्यता, व्यक्तित्व, सीखने की गति, शारीरिक क्षमता, भावनाओं तथा व्यवहार आदि में पाई जाने वाली भिन्नता से है। एक ही कक्षा में पढ़ने वाले सभी बच्चे समान नहीं होते। कोई बच्चा जल्दी सीखता है, कोई धीरे; किसी की गणित में रुचि होती है तो किसी की भाषा या खेल में। यही अंतर व्यक्तिगत विभिन्नता कहलाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




तमिलनाडु की **विजय सरकार** ने बड़ा फ़ैसला लिया है। राज्यभर के सभी **मंदिरों** में अब फ़ोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह नियम **1 सितंबर** से लागू होगा।

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

# नेशनल पेट्रोलियम डे

27 अगस्त

## पेट्रोलियम: विकास की ऊर्जा, संरक्षण हमारी जिम्मेदारी

पेट्रोलियम हमारे दैनिक जीवन और देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण ऊर्जा संसाधन है। पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, विमान ईंधन तथा अनेक पेट्रोकेमिकल उत्पादों के माध्यम से यह परिवहन, उद्योग और घरेलू जरूरतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### क्यों है महत्वपूर्ण?

- ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास में योगदान
- परिवहन और उद्योगों के लिए आवश्यक ईंधन
- पेट्रोकेमिकल उद्योग का प्रमुख आधार
- रोजगार और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

### हमारा संकल्प

**"ईंधन की हर बूंद बचाएँ, ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग अपनाएँ!"**

- अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचें
- ईंधन की बचत करें
- स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा दें
- ऊर्जा का जिम्मेदारी से उपयोग करें




**आज पेट्रोलियम का संरक्षण, कल ऊर्जा का सुरक्षित भविष्य!**

ऊर्जा बचाएँ • ईंधन बचाएँ • पर्यावरण बचाएँ

TOB
खेल कॉर्नर



# 100-100 टेस्ट के हिस्सों में भारत का रिकॉर्ड

| टेस्ट | जीत | हार | ड्रॉ/टाई |
|---|---|---|---|
| 1-100 | 10 | 40 | 50 ड्रॉ |
| 101-200 | 25 | 32 | 43 ड्रॉ |
| 201-300 | 21 | 26 | 52 ड्रॉ, 1 टाई |
| 301-400 | 32 | 31 | 37 ड्रॉ |
| 401-500 | 42 | 28 | 30 ड्रॉ |
| 501-600 | 57 | 31 | 12 ड्रॉ |
| कुल | 187 | 188 | 224 ड्रॉ, 1 टाई |




www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The change makers

## दिवस विशेष

27 अगस्त

# 27 अगस्त

मधु प्रिया

## 27 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

**1604** अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।

**1781** हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।

**1939** जेट इंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।

**1870** भारत के पहले मजदूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।

**1976** भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई।

**1979** आयरलैंड के समीप एक नौका विस्फोट हुआ।

**1985** नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहीम बाबनर्गिदा नये सैनिक शासक बने।

**1990** वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।

**1991** मालदोवा ने सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।

**1999**
- सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजीनियर बनीं।
- भारत ने कारगिल संघर्ष के दौरान अपने यहाँ बंदी बनाये गये पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया।

**2003** 60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद मंगल पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा।

**2004** वित्तमंत्री शौकत अजीज पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री चुने गये।

**2008**
- सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.के. माथुर को सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल का पहला अध्यक्ष बनाया गया।
- झारखण्ड मुक्तिमोर्चे के प्रमुख शिबु सोरेन ने झारखण्ड के छठे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।

**2009** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष सुश्री मायावती को पुन: अध्यक्ष पद पर तीसरी बार चुन लिया गया। उल्लेखनीय है कि दल के संस्थापक कांशीराम के उपरान्त वे लगातार इस पद पर बनी हुई हैं।

**2013** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में दो धार्मिक समुदायों के बीच दंगे भड़के।

## 27 अगस्त को जन्मे व्यक्ति



**1993** **सी. ए. भवानी देवी** – भारतीय महिला तलवारबाज़ हैं।



**1957** **एन. वी, रमण** – भारत के 48वें मुख्य न्यायाधीश हैं।

## 27 अगस्त को हुए निधन



**2010** **रवींन्द्र केलकर** – कोंकणी साहित्य के सबसे मजबूत स्तंभ थे।



**2006** **ऋषिकेश मुखर्जी** – भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक।



**1976** **मुकेश** – भारतीय पार्श्वगायक।



**1982** **आनन्दमयी मां।**



**1997** **मगंती अंकीनीडू** – तीसरी, चौथी, पाँचवीं, छठी, और सातवीं लोकसभा के सदस्य।



**1997** **आनन्द सिंह** – पाँचवीं, सातवीं, आठवीं और नौवीं लोकसभा के सदस्य।



**1997** **पी. अंकीनीडू प्रसाद राव** – पाँचवीं, छठी, और सातवीं लोकसभा के सदस्य।



**1979** **लॉर्ड माउंटबेटन** – ब्रिटिश राजनेता, नौसेना प्रमुख और भारत के अन्तिम वाइसराय।



**1963** **इनायतुल्लाह ख़ान मशरिकी** – खाकसार आंदोलन के जनक और पाकिस्तान के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले व्यक्ति।

## 27 अगस्त के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

### राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

नेत्रदान महादान है। यह अंधेपन से पीड़ित लोगों के लिए नयी रोशनी बन सकता है।
आइए, हम सब संकल्प लें कि नेत्रदान के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करें।

**नेत्रदान करें, जीवनदान दें**

## क्रिकेट इतिहास के महानायक


# डॉन ब्रैडमैन

## (Don Bradman)

## की जयंती

## 27 अगस्त

### पर उन्हें सादर नमन!




- जन्म: 27 अगस्त 1908
- स्थान: बाउरा, न्यू साउथ वेल्स, ऑस्ट्रेलिया
- विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक
- टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च बल्लेबाज़ी औसत 99.94
- उन्होंने अपने अनुशासन, समर्पण और अद्भुत तकनीक से क्रिकेट को नई ऊँचाइयों दीं।

"मैं केवल गेंद को देखता हूँ
और फिर उसे खेलता हूँ।
– डॉन बैडमैन"



उनकी महान उपलब्धियाँ और खेल भावना
आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेंगी।

**डॉन ब्रैडमैन जी को उनकी जयंती पर शत-शत् नमन!**

www.teachersofbihar.org


राकेश कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# आज का ToB क्वीज..

★ सोचिए, समझिए और सही उत्तर चुनिए ! ★


## ? भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे ?



- **A** डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर
- **B** मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
- **C** डॉ. राजेंद्र प्रसाद
- **D** पंडित जवाहरलाल नेहरू

### सही उत्तर

## मौलाना अबुल कलाम आजाद



मौलाना अबुल कलाम आज़ाद 15 अगस्त 1947 से 22 जनवरी 1958 तक स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे।

उन्होंने भारत में शिक्षा के विकास की मजबूत नींव रखी।

उनके प्रयासों से IIT, UGC, AICTE, NCERT जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं की स्थापना हुई।

वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान, लेखक और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे।

उनका मानना था –
"शिक्षा वह रोशनी है, जो इंसान को अज्ञानता के अंधकार से बाहर लाती है।"

> "शिक्षा वह रोशनी है,
> जो इंसान को अज्ञानता के अंधकार से बाहर लाती है।"
> – मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

प्रतिदिन एक नया प्रश्न | ज्ञान बढ़ाएँ | आत्मविश्वास बढ़ाएँ | जीत की ओर कदम बढ़ाएँ

www.teachersofbihar.org | संजय कुमार

झीलें प्रकृति की धरोहर, जीवन का आधार

# विश्व झील दिवस

**27 मई**

## झीलें बचाएंगे – भविष्य सजाएंगे



झीलें हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की जीवनरेखा हैं। ये जल, जैव विविधता, जलवायु संतुलन और हमारे जीवन के लिए अनमोल हैं।



### झीलें क्यों महत्वपूर्ण हैं?

- स्वच्छ जल का स्रोत
- जलीय जीवों का घर
- जैव विविधता का संरक्षण
- बाढ़ व सूखे से सुरक्षा
- जलवायु संतुलन में सहायक
- रोजगार, पर्यटन और संस्कृति का आधार

### हम क्या कर सकते हैं?

- झीलों में कचरा, प्लास्टिक या गंदा पानी न डालें।
- झीलों के आसपास पेड़ लगाएँ और हरियाली बढ़ाएँ।
- औद्योगिक अपशिष्ट और रसायनों को झीलों में जाने से रोकें।
- झीलों की सफाई और संरक्षण अभियानों में भाग लें।
- झीलों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाएँ और दूसरों को प्रेरित करें।

www .teachersofbihar.org



**आइए, हमारी झीलों को स्वच्छ, सुरक्षित और जीवंत बनाएं,**
**क्योंकि झीलें रहेंगी तभी, कल रहेगा सही।**

Madhu Priya



नक्की झील
माउंट आबू



डल झील
श्रीनगर



भोजताल
भोपाल



लोकटक झील
मणिपुर




चंद्र ताल
हिमाचल प्रदेश

*जल है तो कल है*

**आओ मिलकर झीलों की रक्षा करें, प्रकृति और भविष्य की रक्षा करें।**

प्रमुख भारतीय सिख विद्वान, कवि और प्रख्यात
चिकित्सक प्रशासक



# डॉ. जसवंत सिंह नेकी

(27 अगस्त 1925 - 11 सितंबर 2015)


## जयंती पर कोटि-कोटि नमन

वे एक प्रमुख सिख विद्वान, महत्वपूर्ण नव-आध्यात्मिक पंजाबी भाषा के कवि,
PGI चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक तथा
अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान (AIIMS), दिल्ली में
मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख थे।


### उनकी प्रमुख उपलब्धियाँ

- नव-आध्यात्मिक विचारों के अग्रणी विद्वान
- महत्वपूर्ण पंजाबी भाषा के कवि और लेखक
- PGI चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक
- AIIMS, दिल्ली में मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख
- अनगिनत छात्रों, विद्वानों और पेशेवरों के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत

“आध्यात्मिकता वह प्रकाश है,
जो मनुष्य को स्वयं से मिलाकर,
समाज को मानवता से जोड़ता है।”



www .teachersofbihar.org




उनके विचार, उनकी कविताएँ और उनका योगदान सदैव हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगे।


**विनम्र श्रद्धांजलि**

Madhu Priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




**आदर्श विद्या निकेतन शीतलपुर, सारण**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी
फुलवारीशरीफ, पटना

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



राजकीय मध्य विद्यालय तेतरिया, पूर्वी चंपारण

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**उच्च माध्यमिक विद्यालय हांसी**
**बेगमपुर, पूर्णियाँ**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR